उद्योगपतियों को राज्य का दोस्त मानें उनकी परेशानी दूर करें उद्यमी मित्र

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में मिले प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और प्रस्तावित भूमिपूजन समारोह की तैयारियों को लेकर पहली बार 105 उद्यमी मित्रों के कामकाज की समीक्षा की गई। योजना भवन में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सभी उद्यमी मित्रों को निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। कहा कि उद्योगपतियों को 'राज्य का मित्र' मानें और उसी के अनुसार सुविधाएं दें। उद्यमी मित्रों की नियुक्ति मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत की जाती है।

बैठक में उद्यमी मित्रों ने निवेशकों को सुविधा देने में सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। उन्हें संबोधित करते हुए नंदी ने कहा कि प्रत्येक उद्यमी राज्य का मित्र है। यही कारण है कि उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया को उनके लिए सरल और परेशानी मुक्त बनाया जाना चाहिए। इसके तहत उन्होंने सभी

औद्योगिक विकास मंत्री ने की 105 उद्यमी मित्रों के कामकाज की समीक्षा

विभागों से जल्द से जल्द मंजूरी लेने पर जोर दिया। उद्यमी मित्र सरकार और निवेशकों के बीच की कड़ी हैं इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि निवेशकों को किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए परेशान ना होना पड़े। उद्यमी मित्र यह सुनिश्चित करें कि जो भी निवेशक यूपी में निवेश के लिए आ रहे हैं, उनका अनुभव अच्छा हो। औद्योगिक विकास मंत्री ने उन्हें याद दिलाया कि उनकी तैनाती 39 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए की गई है। ब्यूरो